# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 15.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 15.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** 11वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज दिनांक 15.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स स्थित कान्हा सभागार में योगाचार्य श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर योग विभाग द्वारा कराये जा रहे योग में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ सम्मिलित होकर स्वयं योग कर योग सप्ताह (15 जून से 21 जून 2025) का शुभारम्भ किया ।
पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने कहा कि "योग हमारे प्राचीन ज्ञान और संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो आज वैश्विक स्तर पर सम्मानित हो चुका है। हमें गर्व होना चाहिए कि भारत से उत्पन्न इस विधा ने पूरे विश्व को स्वास्थ्य और आत्मबल का मार्ग दिखाया है। आने वाली पीढ़ियों को योग की इस धरोहर से जोड़ना हमारा कर्तव्य है।" "योग न केवल हमें शारीरिक रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि यह हमारे भीतर अनुशासन, आत्मसंयम और मानसिक स्थिरता का विकास करता है। आधुनिक जीवन में मानसिक शांति की जो आवश्यकता है, वह योग से ही संभव है। मैं सभी पुलिसकर्मियों से आग्रह करता हूँ कि वे योग को अपनी दिनचर्या में अनिवार्य रूप से सम्मिलित करें।"
इस दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद,पुलिस उपाधीक्षक श्री अरविन्द वर्मा,पुलिस उपाधीक्षक श्री फहद अली,प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण एवं समस्त शाखाओं में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

प्रेस नोट-चित्रकूट पुलिस
चित्रकूट पुलिस ने 10 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 10 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 श्री रामकुमार थाना भरतकूप व उ0नि0 श्री दिव्यांश पाण्डेय द्वारा मु0नं0 577/2016 मु0अ0सं0 879/2010 धारा 3/10 यूपी गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त 1.अमर पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम घुरेटनपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट उम्र 35 वर्ष 2.दयानिधी उपाध्याय पुत्र राजाराम निवासी ग्राम मानपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट उम्र 65 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।
(ii). उ0नि0 श्री सत्यनारायण सिंह थाना पहाड़ी मय हमराह आरक्षी दीपक सिंह द्वारा मु0नं0 2305/2002 मु0अ0सं0 153/02 धारा 323,504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त कमलेश दर्जी पुत्र रामपाल निवासी परसौजा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(iii). उ0नि0 श्री चन्द्रमणि पाण्डेय थाना सरधुवा मय हमराह आरक्षी मुकद्दर सिंह व राहुल पुरी द्वारा मु0नं0 306/15 मु0अ0सं0 234/13 धारा 498ए भादवि0 व 3/4 डीपी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त शोभा निषादपुत्र स्व0 गनेशवा उम्र 46 निवासी ग्राम लक्ष्मीपुरवा मजरा चिल्लीमल थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(iv). उ0नि0 श्री रामेश्वर प्रसाद थाना मानिकपुर मय हमराह आरक्षी अजीजउद्दीन द्वारा अ0सं0 11/2006 केश नं0 93/2019 धारा 395 भादवि0 के वारण्टी गुडानन्द पुत्र बेरेदी चमार निवासी मऊ गुरदरी थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(vi) उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह चौकी प्रभारी गनीवा थाना राजापुर मय हमराह मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार, आरक्षी संजय यादव द्वारा अ0सं0 472/20 धारा 8/20 एनडीपीएस के वारण्टी अभियुक्त रामकेश पटेल पुत्र स्व0 इन्द्रनारायण सिंह निवासी ग्राम कंधवनिया थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(vii) उ0नि0 श्री सिद्धनाथ राय थाना राजापुर मय हमराह उ0नि0 श्री अनुराग सिंह, आरक्षी चन्दन विश्वकर्मा द्वारा अ0सं0 970/09 धारा 380,411 भादवि के वारण्टी अभियुक्त विजय बहादुर यादव पुत्र रामपाल निवासी ग्राम पटैयन पुरवा मजरा अतरसुई थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(viii) उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह थाना राजापुर मय हमराह आरक्षी रोहित कुमार द्वारा मुकदमा न0 3523/16 धारा 147,148,323,504,506,336 भादवि के वारण्टी अभियुक्त संदीप पुत्र मंगूराम निवासी महुआ थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ix) उ0नि0 श्री प्रभाकर उपाध्याय थाना बहिलपुरवा मय हमराह उ0नि0 अरविन्द कुमार ,आरक्षी मोनू राय द्वारा मुकदमा न0 2060/2008 धारा 380,457,411 भादवि के वारण्टी अभियुक्त लवकुश पुत्र छोटेलाल निवासी शीतलपुर तरौहा थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(x) उ0नि0 श्री जुबैर खां, उ0नि0 श्री शिवसागर दुबे, उ0नि0 अखिलेश कुमार मय हमराह आरक्षी अश्वनी कुमार, आरक्षी चालक पवन यादव द्वारा मुकदमा 1520/20 धारा 325,323,504,506 भादवि के वारण्टी अभियुक्त नरेन्द्र तिवारी पुत्र रामअभिलाष पाण्डेय निवासी देवरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(4). आज दिनाँक 15.06.2025 को क्षेत्राधिकारी यातायात श्री फहद अली द्वारा द्वारा क्राइम ब्रान्च,एचटीयू, साइबर थाना के समस्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया अर्दली रूम में विवेचकों से लंबित विवेचना पर विस्तारपूर्वक वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछकर गुण दोष के आधार पर विवेचना के शीघ्र निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

अर्दली रुम में को दौरान प्रभारी एचटीयू श्री शिवमूरत यादव ,प्रभारी क्राइम ब्रान्च श्री राजेश कुमार राय, निरीक्षक श्री अजीत कुमार पाण्डेय, निरीक्षक श्री राकेश मौर्या व अन्य विवेचकगण उपस्थित रहें।